राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल श्री मिश्र वन वर्ल्ड टीबी सम्मेलन में वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए

## वर्ष 2025 तक क्षय रोग को खत्म करने के लिए सभी मिलकर कार्य करें– राज्यपाल

जयपुर, 24 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस पर वाराणसी में आयोजित वन वर्ल्ड टीबी सम्मेलन में राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सम्मिलित हुए। सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने क्षय रोग को समाप्त करने की दिशा में कई प्रमुख पहलों की शुरुआत की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बाद में बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 तक क्षय रोग को खत्म करने के लक्ष्य की ओर राजस्थान में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की राजभवन में टीबी उन्मूलन प्रकोष्ठ द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने अभियान अवधि में प्रत्येक ग्राम पंचायत को इस बीमारी से छुटकारा दिलाने के लिए सभी प्रदेशवासियों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की कि लोग अधिकाधिक संख्या में निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों और उनके परिवारों को पोषण एवं अन्य सहायता उपलब्ध करवा कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं।

———————